प्रेस नोट दिनांक 10.03.2026

जनपद बरेली।

जन शिकायतों के निस्तारण (IGRS) में बरेली पुलिस ने लगातार तीसरी बार माह फरवरी- 2026 में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

आईजीआरएस पोर्टल पर जन शिकायतों के समुचित समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण की समीक्षा शासन स्तर से की जाती है, प्रदर्शन के आधार पर मासिक रैंकिंग का निर्धारण किया जाता है। प्राप्त प्रार्थना पत्रों का समय से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण/यथोचित कार्यवाही कराते हुए पोर्टल पर आख्या की फीडिंग की जाती है।

एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली (IGRS) के अंतर्गत माह-फरवरी में जनपद बरेली पुलिस द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्य के फलस्वरूप सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश में लगातार तीसरी बार प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि के अंतर्गत जनपद के 28 थानों द्वारा भी IGRS में प्राप्त शिकायतों के समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक निस्तारण के आधार पर प्रथम स्थान प्राप्त किया गया है, जो जनपद पुलिस के लिए अत्यंत गौरव का विषय है। थानों का विवरण निम्नवत हैः-

थानावार रैंक माह फरवरी – 2026 जनपद बरेली

क्र0सं0	थाना	पूर्णांक	प्राप्तांक	प्रतिशत	रैंक
1	अलीगंज	100	100	100	1
2	देवरनियां	100	100	100	1
3	क्योलड़िया	100	100	100	1
4	फरीदपुर	100	100	100	1
5	प्रेमनगर	100	100	100	1
6	भोजीपुरा	100	100	100	1
7	विशारतगंज	100	100	100	1
8	शाही	100	100	100	1
9	सीबीगंज	100	100	100	1
10	फतेहगंज पश्चिमी	100	100	100	1
11	हाफिजगंज	100	100	100	1
12	मीरगंज	100	100	100	1
13	इज्जतनगर	100	100	100	1
14	बारादरी	100	100	100	1
15	सुभाषनगर	100	100	100	1
16	नवाबगंज	100	100	100	1
17	किला	100	100	100	1
18	बहेड़ी	100	100	100	1
19	कैन्ट	100	100	100	1

20	कोतवाली	100	100	100	1
21	आंवला	100	100	100	1
22	भमौरा	100	100	100	1
23	भुता	100	100	100	1
24	सिरौली	100	100	100	1
25	फतेहगंज पूर्वी	100	100	100	1
26	शेरगढ़	100	100	100	1
27	शीशगढ़	100	100	100	1
28	महिला थाना	100	100	100	1

जनपद बरेली पुलिस द्वारा IGRS पोर्टल पर प्राप्त प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए त्वरित संज्ञान, निष्पक्ष जांच, शिकायतकर्ता से संवाद एवं समयसीमा के पूर्ण अनुपालन के साथ प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की गई। नागरिकों की समस्याओं के समाधान को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता के साथ शिकायतों का निस्तारण किया गया, जिसके परिणामस्वरूप यह उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त हुई।

<u>बरेली पुलिस के प्रथम स्थान प्राप्त करने के मुख्य बिन्दः-</u>

- फरवरी माह में समस्त IGRS सन्दर्भों का नियत समय से पूर्व निस्तारण किया गया, जिससे फरवरी माह में कोई भी सन्दर्भ डिफाल्टर नही हुआ ।
- उ0प्र0 शासन, लखनऊ द्वारा माह फरवरी में बरेली पुलिस के कुल 956 IGRS सन्दर्भों पर फीडबैक लिया गया जिसमें से 916 आवेदकों द्वारा स्वयं को पुलिस कार्यवाही से संतुष्ट होना बताया, जिससे बरेली पुलिस का संतुष्ट फीडबैक का प्रतिशत 95.82 रहा, जिससे स्पष्ट है कि बरेली पुलिस में आवेदक की समस्या का समुचित रूप से निस्तारण किया जा रहा है।
- उ0प्र0 शासन, लखनऊ द्वारा माह फरवरी में बरेली पुलिस के कुल 956 IGRS सन्दर्भ पर फीडबैक लिया गया जिसमें से 942 आवेदकों द्वारा बताया गया कि सम्बन्धित पुलिस अधिकारी द्वारा उनसे सम्पर्क किया गया। जिससे बरेली पुलिस का आवेदक से सम्पर्क करने का प्रतिशत 98.54 रहा।

इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, बरेली श्री अनुराग आर्य द्वारा जनपद के समस्त पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को इस उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु शुभकामनाएं दी गई तथा भविष्य में भी इसी प्रकार जनसेवा के प्रति समर्पित रहते हुए शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु प्रोत्साहित किया गया।